PART-**1**

पुनर्जागरण काल के भूगोलवेत्ता:- गरहार्ड मरकेटर

डॉ. राजेश कुमार सिंह, भूगोल

सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय, सहरसा

पुनर्जागरण काल के भूगोलवेत्ता (Geographers of Renaissance Period)

2. गरहार्ड मरकेटर (Gerhard Mercator):-

मरकेटर सोलहवीं शताब्दी का महान मानचित्रकार था। उसने 1538 में उत्तरी और दक्षिणी दोनों गोलार्द्धों के लिए अलग-अलग मानचित्र बनाकर सम्पूर्ण पृथ्वी का मानचित्र तैयार किया था। मरकेटर को वास्तविक ख्याति उसके द्वारा 1569 में निर्मित शुद्ध आकृति वाले बेलनाकार प्रक्षेप से हुई । उसी के नाम पर यह प्रक्षेप मरकेटर प्रक्षेप के नाम से जाना जाता है। इस पर सम्पूर्ण पृथ्वी के मानचित्र को सामानांतर सीधी खीचीं गयी अक्षांश-देशान्तर रेखाओं के जाल पर प्रदर्शित किया जाता है। शुद्ध दिशा प्रक्षेप (True bearing projection) होने के कारण यह जलयान चालकों या नाविकों के लिए विशेष उपयोगी है।